इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

राजभाषा अनुभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय

डीएलआई/राजभाषा/प्रतिभा-08 25 अक्तूबर, 2024

परिपत्र

विषय – **हिंदी विषय में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले ईपीआई परिवार के मेधावी छात्रों को वर्ष – 2024 का प्रतिभा पुरस्कार के संदर्भ में**

उपर्युक्त योजना के अंतर्गत कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा प्रतिवर्ष कॉर्पोरेट कार्यालय, समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत सहकर्मियों के मेधावी बच्चों को अपनी कक्षा में हिंदी विषय में उत्तम अंक प्राप्त करने पर प्रतिभा पुरस्कार दिये जाते हैं।

इस योजना में कक्षा-5 से कक्षा-12 तक की परीक्षाओं में हिंदी विषय में उत्तम अंक प्राप्त करने वाले वे विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जिन्होंने कक्षा-5 से कक्षा-8 तक की वार्षिक परीक्षा (गत वर्ष की अंतिम परीक्षा) में हिंदी विषय में कम से कम 75 प्रतिशत अंक तथा कक्षा-9 से कक्षा-12 तक की अपनी कक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। प्राप्त अंकों के आधार पर निर्णय के अनुसार पुरस्कार दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त हिंदी प्रतिभा पुरस्कार योजना के अंतर्गत अपने वर्ष में प्रथम आने वाले प्रत्येक छात्र को एक वर्ष के लिए रीडर्स डाइजेस्ट (Reader's Digest) जैसी पत्रिका/पत्रिकाएं भी कार्यालय की ओर से भेंट रूप में प्रदान की जाती हैं ।

सभी सहकर्मियों से अनुरोध है कि वे इस योजना की समयावधि में आने वाले अपने पुत्र/पुत्री के वर्ष – 2024 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की फोटोप्रति (सत्यापित), हिंदी में लिखे संक्षिप्त विवरण के साथ प्रभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित करवा कर कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा अनुभाग में दिनांक **11 नवंबर 2024** तक अधोहस्ताक्षरी के पास भेज दें, जिससे उसे वर्ष – **2024** की प्रतिभा पुरस्कार योजना में शामिल किया जा सके। समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले नामांकन को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

पुरस्कृत विद्यार्थियों के नामों की सूचना संबंधित सहकर्मियों को क्षेत्रीय एवं साइट कार्यालयों पर भेज दी जाएगी।

डॉ०म०श०ग० 25/10/24

(डॉ. मनीष शंकरराव गवई)
प्रबंधक (राजभाषा) एवं सचिव, रा.का.सं.

ईपीआई के समस्त क्षेत्रीय एवं साइट कार्यालय प्रभारी
समस्त प्रभागाध्यक्ष
ईपीआई की वेबसाइट
सूचना पट्ट